न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारी :– यू0डी0खान
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 225/2021

सुरेन्द्र कुमार जोशी, मकान नं0 18, शिव गोपाल कृपा सदन, नये मुख्य डाकघर के पीछे, चिडावा, जिला झुंझुनूं।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं।

– –

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील.

आदेश

दिनांक 08.11.2021

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 21.10.2021 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 225/2021 पर दिनांक 21.10.2021 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2021/3437–38 दिनांक 21.10.2021 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ 16 (4)(5)न्याय /सू0अ0/21/1989 दिनांक 28.10.2021 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी सुरेन्द्र कुमार जोशी, मकान नं0 18, शिव गोपाल कृपा सदन, नये मुख्य डाकघर के पीछे, चिडावा, जिला झुंझुनूं का आवेदन पत्र इस कार्यालय मे दिनांक 19.07.2021 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे इस कार्यालय के पत्र कमांक एफ 16 (4) (5)न्याय/सू0अ0/09/253 दिनांक 26.07.2021 के द्वारा सर्तकता अनुभाग, कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं को नियमानुसार अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र भिजवाया गया है। प्रभारी अधिकारी, सर्तकता अनुभाग, कलेक्ट्रेट ने अपने पत्र कमांक 2205–06 दिनांक 26.10.2021 के द्वारा अपीलार्थी को सूचित करते हुए अवगत करवाया कि आपके द्वारा चाही गई सूचना वर्ष 2012 की होने के कारण कार्यालय रिकार्ड मे तलाश की जा रही है। रिकार्ड मे सूचना प्राप्त हो जाने पर आपको सूचित करवा दिया जावेगा। अतः अपीलार्थी की अपील खारीज फरमायी जावें।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं।
6. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं पत्रांक एफ 16 (4)(5)न्याय /सू0अ0/21/1989 दिनांक 28.10.2021 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी सुरेन्द्र कुमार जोशी, मकान नं0 18, शिव गोपाल कृपा सदन, नये मुख्य डाकघर के पीछे, चिडावा, जिला झुंझुनूं का आवेदन पत्र उनके कार्यालय मे दिनांक 19.07.2021 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे उनके कार्यालय के पत्र कमांक एफ 16 (4)(5)न्याय/सू0अ0/09/253 दिनांक 26.07.2021 के द्वारा सर्तकता अनुभाग, कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं को नियमानुसार अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र भिजवाया गया है। प्रभारी अधिकारी, सर्तकता अनुभाग, कलेक्ट्रेट ने अपने पत्र कमांक 2205–06 दिनांक 26.10.2021 के

द्वारा अपीलार्थी को सूचित करते हुए अवगत करवाया कि आपके द्वारा चाही गई सूचना वर्ष 2012 की होने के कारण कार्यालय रिकार्ड मे तलाश की जा रही है। रिकार्ड मे सूचना प्राप्त हो जाने पर आपको सूचित करवा दिया जावेगा। चूंकि अपीलार्थी को सूचना प्राप्त नही हुई है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा प्रभारी अधिकारी, सर्तकता अनुभाग, कलेक्ट्रेट को आदेश दिये जाते है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 7 दिवस मे निःशुल्क उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 08.11.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

08/11

(यू0डी0खान)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं
जिला कलक्टर झुंझुनूं